दैनिक भास्कर बुरहानपुर 27-04-2022

**नेपा दिवस :** मिल में सीएमडी देब ने किया ध्वजारोहण

# नेपा मिल में पहली मशीन का ट्रायल पूरा, मई के तीसरे सप्ताह में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद

## 1956 में तत्कालीन पीएम जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्र को समर्पित की थी मिल

भास्कर संवाददाता | नेपानगर

नेपा मिल न्यूज प्रिंट के लिए तैयार है लेकिन अभी उसके सामने कई चुनौतियां हैं, जिसका हम सामना करने के लिए भी तैयार हैं। वेस्ट पेपर के भाव आसमान छू रहे हैं, वहीं कोयले की समस्या भी बनी हुई है। फिर भी हम नेपा मिल को दोबारा जल्द शुरू करने की दिशा में प्रयासरत हैं। एक पेपर मशीन का ट्रायल हो चुका है। मई 2022 के तीसरे सप्ताह में मिल से उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

यह बात नेपा मिल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक कमाडोर सौरभ देब ने मंगलवार दोपहर नेपा मिल के स्थापना दिवस पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। 26 अप्रैल 1956 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने नेपा मिल राष्ट्र को समर्पित की थी। इसलिए हर साल 26 अप्रैल को नेपा दिवस मनाया जाता है। इस दौरान मिल में ध्वजारोहण किया गया। अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मिल के मैन गेट पर ध्वजारोहण किया। भगवान विश्वकर्मा का पूजन कर संस्थान की समृद्धि की कामना की। कर्मचारियों ने एक-दूसरे को नेपा दिवस की शुभकामनाएं दी।



नेपा मिल में ध्वजारोहण करते सीएमडी कमाडोर सौरभ देब।

## समस्या... रॉ मटेरियल और कोयला बड़ी चुनौती

मिल का काफी काम पूरा हो चुका है, लेकिन सबसे बड़ी समस्या रॉ मटेरियल और कोयले की आ रही है। उत्पादन के लिए यह दोनों ही आवश्यक है। इसलिए प्रबंधन इसके संग्रहण में जुट गया है। उम्मीद की जा रही है कि मई के तीसरे सप्ताह तक मिल में एक मशीन से कमर्शियल उत्पादन शुरू हो जाएगा।

दैनिक भास्कर बुरहानपुर 27-04-2022

# नेपा लेडिज क्लब- फैशन स्पर्धा में पहने समाचार पत्रों से बने परिधान



नेपानगर | नेपा लेडिज क्लब की बैठक अध्यक्ष रंजना देब की अध्यक्षता में हुई। इसका मुख्य विषय नेपा दिवस था। क्लब उपाध्यक्ष ममता गोयल ने बताया अध्यक्ष श्रीमती देब ने सभी सदस्यों को बैज प्रदान किए गए। नेपा लिमिटेड के प्रारंभ से लेकर वर्तमान तक के उतार-चढ़ाव के दौर को मंजुलिका ने विस्तार से बताया। रूमी दास ने नेपा पर आधारित कविता प्रस्तुत की। इस बैठक का विशेष आकर्षण समाचार पत्रों से बने परिधानों की फैशन प्रतियोगिता रहा। इसमें विजेताओं का चयन किया गया। इस महीने जन्मदिन होने पर मधु शर्मा और नीता चौधरी को अध्यक्ष द्वारा पौधे प्रदान किए गए। इस दौरान प्रीति शर्मा सहित अन्य सदस्य मौजूद थीं।


**।। जाहिर सूचना ।।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री राहुल तिर्थानी की मालकी व कब्जे के ग्राम लालबाग माल. तहसील एवं जिला बुरहानपुर म.प्र. में स्थित खसरा नंबर